RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 209 | नागौर, 03 जुलाई, 2022 (रविवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition




# प्रदेश के 18 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट

**जयपुर।**

प्रवेश के दो दिन के भीतर ही मानसून ने पूरे राजस्थान को कवर कर लिया। पिछले 24 घंटे में सर्वाधिक बारिश अजमेर में 134 मिमी दर्ज की गई। वहीं आबूरोड में 114 मिमी, नावां-नागौर में 96 मिमी व भूंगड़ा-बांसवाड़ा जिले में 50 मिमी बारिश हुई। पाली के जवाई बांध में गेज 2.40 फीट बढ़ गया। बांध में 313 एमसीएफटी से पानी 356 एमसीएफटी हो गया। बांध का गेज 1.65 मीटर रहा। मौसम विभाग के मुताबिक बरसात का दौर अगले तीन चार दिनों तक जारी रहेगा। रविवार और सोमवार को प्रदेश के18 जिलों में तेज हवा के साथ बरसात का दौर जारी रहेगा वहीं मंगलवार यानी 5 जुलाई 10 जिलों बांसवाड़ा, बारां, डूंगरपुर, कोटा,प्रतापगढ़, सवाई माधोपुर, सिरोही, टोंक, उदयपुर, सीकर जिलों में कहीं कहीं भारी बरसात के साथ मेघगर्जन का येलो अलर्ट भी मौसम विभाग ने दिया है। वहीं नए वेदर सिस्टम बंगाल की खाड़ी व आसपास के पश्चिमी बंगा क्षेत्र के ऊपर बना हुआ है। ये तंत्र प्रभावित होकर राज्य में एक नया बारिश का दौर शुरू होगा, जिससे पांच और छह जुलाई को पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर व जोधपुर संभाग में जमकर बारिश होगी। इसी दौरान जोधपुर व बीकानेर संभाग में कहीं कहीं भारी बारिश भी हो सकती है।



## बारिश में छत ढही, दो भाइयों की मौत

बीकानेर में शनिवार को एक हादसे में दो भाइयों की मौत हो गई। बारिश के कारण अचानक मकान की छत ढह गई। इस दौरान कमरे में सो रहे पांच लोग मलबे में दब गए। तीन लोगों को बाहर निकाल लिया गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसा शनिवार सुबह 5 बजे छत्तरगढ़ में हुआ। छोटूराम का परिवार टप्पू सिंह के खेत पर मजदूरी करता है। शुक्रवार रात में परिवार के पांच लोग सो रहे थे। इसी दौरान शनिवार सुबह 5 बजे अचानक छत ढह गई। इस हादसे में 10 साल के राकेश और 8 साल के अनिल की मौत हो गई। पिता छोटूराम ने बताया कि उसके पांच बेटे और एक बेटी घर के अंदर ही सो रहे थे। एक तरफ राकेश और अनिल सो रहे थे, जबकि कुछ फीट दूरी पर ही दूसरे भाई-बहन सो रहे थे। खेत मालिक का बेटा भी वहीं सो रहा था। जबकि वह खेत में पानी देने गया था। इसी दौरान तेज धमाके की आवाज आई तो आस-पास के लोग भी पहुंचे।

### यहां भी मेहरबान रहा मानसून

- सीकर में शनिवार को रुक-रुककर कई बार बारिश हुई। सबसे ज्यादा बारिश श्रीमाधोपुर इलाके में 40 मिमी दर्ज की गई।
- कोटा में दिनभर झूमकर बादल बरसे। कई इलाकों में तेज तो कहीं रिमझिम बारिश होती रही। बूंदी और बारां में भी बारिश हुई।
- राजधानी जयपुर में शानिवार को दिन के समय धूप निकली। शाम 5 बजे आसमान में बादल छा गए। कुछ इलाकों में तेज बारिश हुई। जिसके बाद गर्मी से राहत मिली।

### आगामी चार दिनों के मौसम का पूर्वानुमान

3 जुलाई- अजमेर, अलवर,बांसवाड़ा, बारां, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौडगढ़, दौसा, जयपुर, झालावाड़, कोटा,प्रतापगढ़, राजसमंद, सिरोही, टोंक, उदयपुर, नागौर और पाली में कहीं कहीं मेघगर्जन और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और बरसात का येलो अलर्ट।

# उदयपुर हत्याकांड : कोर्ट में नारेबाजी कर रहे वकीलों ने आरोपियों को पीटा

उदयपुर.

उदयपुर में हुए कन्हैयालाल हत्याकांड के चारों आरोपियों को शनिवार दोपहर डेढ़ बजे जयपुर एनआईए कोर्ट में पेश किया गया। पेशी के दौरान वकीलों ने आरोपियों को फांसी देने की मांग करते हुए नारेबाजी की और आरोपियों के साथ मारपीट भी कर दी। वकीलों ने आरोपियों के कपड़े फाड़ दिए। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस ने बीच-बचाव करते हुए उन्हें कोर्ट रूम ले गई।

कोर्ट ने नेशनल इन्विस्टगेशन एजेंसी (एनआईए) को हत्यारों को 12 जुलाई तक 10 दिन की रिमांड पर सौंप दिया है। तालिबानी हत्याकांड के मुख्य आरोपी गौस मोहम्मद और रियाज जब्बार को कड़ी सुरक्षा के बीच अजमेर से सुबह जयपुर लेकर पहुंची थी। दोनों यहां की हाई सिक्योरिटी जेल में बंद थे। दो अन्य आरोपी मोहसिन और आसिफ हैं। ये दोनों टेलर कन्हैया के मर्डर की साजिश में शामिल बताए जाते हैं।

उधर, पांचवें दिन शनिवार को प्रशासन ने उदयपुर में कर्फ्यू में 4 घंटे की ढील देने का ऐलान किया है। जिला मजिस्ट्रेट ताराचंद मीणा के आदेश के मुताबिक

## एनआईए को 10 दिन के लिए मिली हत्यारों की रिमांड

दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक छूट रही। ऐसे में वे अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए बाहर निकले।

शहर में 1 जुलाई को जगन्नाथ रथयात्रा शांतिपूर्ण तरीके से निकलने के बाद ऐसी उम्मीद थी कि शनिवार से कर्फ्यू में ढील मिल सकती है। हालांकि, इंटरनेट रविवार तक बंद रहेगा। इस हत्याकांड के विरोध में शनिवार को भी राजस्थान के 5 जिलों में बंद का ऐलान किया गया है।

वहीं, जांच एजेंसियां शनिवार को भी गौस मोहम्मद और रियाज जब्बार से जुड़े कई एंगल पर जांच-पड़ताल करने में जुटी हुई हैं। साथ ही शनिवार को गिरफ्तार किए गए इन दोनों के सहयोगी मोहसिन और आसिफ से भी पूछताछ हो सकती है। पुलिस के मुताबिक, इन दोनों युवकों का भी कन्हैयालाल की हत्या के षड्यंत्र में हाथ था।

## कॉन्स्टेबल पर हमला करने वाले आरोपियों की परेड



राजसमन्द. उदयपुर हत्याकांड के बाद बुधवार को भीम कस्बे में उग्र भीड़ ने प्रदर्शन के दौरान पुलिस टीम पर हमला कर दिया था। इस दौरान कॉन्स्टेबल संदीप पर तलवार से हमला कर घायल कर दिया गया था। संदीप को पहले ब्यावर फिर अजमेर रेफर किया गया। सीएम गहलोत ने अजमेर पहुंचकर संदीप का हालचाल जाना था। पुलिस का मानना है कि भीड़ को कोबरा गैंग के सरगना सुरेंद्र सिंह व बलवंत सिंह ने भीड़ को पुलिस पर हमले के लिए उकसाया था। ऐसे में पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया। गुरुवार को दोनों आरोपियों को भीम कस्बे से 10 किलोमीटर दूर मगरे के जंगलों से दबोच लिया गया।

दोनों को पकड़ने के बाद पुलिस ने आरोपियों को भीम कस्बे की सड़कों पर पैदल घुमाया। पुलिस का कहना है कि भीम-देवगढ़ इलाके में कोबरा गैंग एक्टिव है। इलाके में इन बदमाशों का दबदबा है। ऐसे में लोगों में इनका भय दूर करने के लिए दोनों बदमाशों की परेड कराई गई। बुधवार को पुलिस टीम पर हुए जानलेवा हमले के बाद भीम पुलिस ने उग्र भीड़ में से नामजद आरोपियों की लिस्ट बनाई थी। इसके बाद धरपकड़ शुरू की थी। राजसमंद एसपी ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने की जानकारी दी थी। शुक्रवार को मगरा (भीम-देवगढ़ का पहाड़ी इलाका) क्षेत्र की कोबरा गैंग के सरगना सुरेन्द्र सिंह एवं बलवंत सिंह को गिरफ्तार कर देवगढ व भीम कस्बे में पब्लिक परेड कराई गई। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक कस्बे में पैदल चल रहे थे।

पब्लिक परेड पुलिस थाने देवगढ़ से शुरू होकर नगर पालिका, तीन बत्ती चौराहा कामली घाट रोड पर स्थित विद्या निकेतन स्कूल तक तक रही।

हैदराबाद में दो दिवसीय बैठक

# टीआरएस के लिए राजनीति सर्कस लेकिन बीजेपी के लिए राष्ट्र निर्माण का माध्यम : स्मृति ईरानी

नई दिल्ली



भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जन धन योजना पर सरकारी योजनाओं पर विस्तार से बात की, जिसने करीब 45 करोड़ लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान की, पीएम आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना के साथ-साथ किसानों के लिए सामाजिक सेवा योजनाओं और नीतियों का उल्लेख किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित किया जहां उन्होंने मोदी सरकार की गरीब कल्याणकारी नीतियों का उल्लेख किया। पिछले 8 वर्षों में हमारी सरकार ने देश की सेवा के लिए महिलाओं और सहायता प्राप्त युवाओं के सशक्तिकरण के लिए काम किया। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि बंगाल और केरल के भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला किया गया और उनकी हत्या कर दी गई, जबकि जम्मू-कश्मीर में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन लोगों का सामना किया जो भारत को तोड़ना चाहते थे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाजपा की सकारात्मक राजनीति के बारे में बोलने के साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि दी।

राजनीतिक दलों पर सीजेआई एमवी रमना का तंज, कहा

# वो चाहते हैं उनके हिसाब से चले काम

नई दिल्ली



भारत के चीफ जस्टिस एम वी रमना ने न्यायपालिका और विधायिका पर बड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ दलों का मानना है कि सरकारी कार्रवाई न्यायिक समर्थन के हकदार हैं और विपक्षी दल उम्मीद करते हैं कि यह उनके कारण का समर्थन करेगा। लेकिन यह समझना जरूरी है कि न्यायपालिका केवल संविधान के प्रति जवाबदेह है। उन्होंने कहा कि देश ने अभी भी संविधान द्वारा प्रत्येक संस्थान को सौंपी गई भूमिकाओं की पूरी तरह से सराहना करना नहीं सीखा है।

शनिवार को सैन फ्रांसिस्को में एसोसिएशन ऑफ इंडियन अमेरिकन्स द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में बोलते हुए सीजेआई एम वी रमना ने कहा, जैसा कि हम इस वर्ष स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष का जश्न मना रहे हैं और जब हमारा गणतंत्र 72 वर्ष का हो गया है, तो कुछ अफसोस के साथ, मुझे यहां यह जोड़ना चाहिए कि हमने अभी भी संविधान द्वारा प्रत्येक संस्थान को सौंपी गई भूमिकाओं और जिम्मेदारियों की पूरी तरह से सराहना करना नहीं सीखा है।

सत्ताधारी पार्टी का मानना है कि हर सरकारी कार्रवाई न्यायिक समर्थन की हकदार है। विपक्षी दलों को उम्मीद है कि न्यायपालिका अपने राजनीतिक पदों और कारणों को आगे बढ़ाएगी। जबकि न्यायपालिका केवल संविधान के प्रति जवाबदेह है।

## मनरेगा की गहराईयों को नहीं समझ पाए पीएम

**नई दिल्ली.** कांग्रेस नेता और लोकसभा सांसद राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड के दौरे पर हैं। राहुल ने शुक्रवार को अपने दफ्तर का दौरा किया। इसके अलावा वो कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। राहुल ने मनरेगा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। साथ ही राहुल ने उनको संबोधित भी किया। मनरेगा कार्यकर्ताओं से मुलाकात में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा की यूपीए की सरकार ने मनरेगा को संकल्पित, विकसित और लागू किया था।

## बीते 24 घंटे में 17,032 नए केस, केरल-महाराष्ट्र के बाद तमिलनाडु में भी फैला संक्रमण

**नई दिल्ली.**

देश में कोरोना महामारी ने एक बार फिर दस्तक दे दी है। पिछले 24 घंटे में 17,032 नए मामले सामने आए, जबकि 14,722 मरीज कोरोना से ठीक हो गए। जबकि 29 संक्रमितों की मौत हो गई। जुलाई के पहले दिन, यानी शुक्रवार को नए केस में 2% की कमी हुई। इससे पहले गुरुवार को 16,862 नए केस आए थे, जो बुधवार के मुकाबले 10% कम थे। बीते बुधवार को 18,819 नए केस मिले थे। देश के छह राज्यों में कोरोना के सबसे ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं।






## सम्पादकीय

# सुरक्षा की सड़क

अमूमन हर रोज देश में सड़कों पर होने वाले हादसों में जो लोग मारे जाते हैं, उनमें से ज्यादातर की जान बचाई जा सकती थी, अगर सिर्फ कुछ बातों का ध्यान रखा जाता। लेकिन हकीकत यह है कि न तो सरकारी महकमे सड़कों के सफर को सुरक्षित बनाने के इंतजामों और नियमों को लेकर गंभीर रुख अपनाते हैं और न ही आम लोगों के स्तर पर अपने सुरक्षित सफर लेकर पर्याप्त सजगता दिखाई देती है। नतीजतन, बहुत मामूली वजहों से सड़कों पर होने वाले हादसों में लोगों की जान तक चली जाती है। जबकि अगर तय नियमों को लेकर लोगों की सजगता अव्वल तो हादसे की स्थिति से बचा सकती है और अगर किसी स्थिति में चूक हो भी गई तो कम से कम व्यक्ति की जान बच सकती है। पर अफसोस की बात यह है कि आम लोगों के स्तर पर बरती गई लापरवाही जहां हादसों का एक बड़ा कारण बनती है, वहीं संबंधित महकमे भी सड़क यातायात के नियम-कायदों को लेकर कई बार ढीला रवैया अख्तियार करते हैं। नियमों के पालन को लेकर इस तरह की उदासीनता अक्सर हादसों में तब्दील हो जाती है और नाहक ही लोगों की जान चली जाती है। दुनिया की जानी-मानी पत्रिका 'द लांसेट' में इस मसले पर केंद्रित एक अध्ययन में बताया गया है कि भारत में सड़क सुरक्षा के उपायों में सुधार लाकर हर साल तीस हजार से ज्यादा लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। अध्ययन के मुताबिक, सड़कों पर जानलेवा हादसों के लिहाज से चार प्रमुख खतरे हैं, जिनमें वाहनों की बेलगाम या तेज रफ्तार, शराब पीकर गाड़ी चलाना, हेलमेट नहीं पहनना और सीट बेल्ट का इस्तेमाल नहीं करना शामिल हैं।

अध्ययन में यह तथ्य उभर कर सामने आया कि सड़कों पर वाहनों की गति की जांच और लगाम लगाने के लिए जरूरी कदम उठाने से भारत में बीस हजार से ज्यादा लोगों की जान बच सकती है। वहीं केवल हेलमेट पहनने को लोग अपने लिए अनिवार्य मानने लगें और यातायात महकमे की ओर से इस नियम का पालन सुनिश्चित किया जाए तो इससे पांच हजार छह सौ तिरासी जिंदगी बचाई जा सकती है। इसी तरह, वाहनों में बैठ कर सफर करने वाले लोगों के बीच सीट बेल्ट के इस्तेमाल को बढ़ावा देकर तीन हजार से अधिक लोगों को मरने से बचाया जा सकता है। इसके अलावा, शराब पीकर वाहन चलाने की वजह से सड़क हादसों की कैसी तस्वीर बनती है, यह किसी से छिपा नहीं है।

गौरतलब है कि हर साल दुनिया भर में सड़क हादसों में साढ़े तेरह लाख से ज्यादा लोगों की जान चली जाती है। इसमें से करीब नब्बे फीसद मौतें कम और मध्यम आय वाले देशों में होती हैं। अगर सड़क सुरक्षा के कुछ उपायों को ही ठीक से अमल में लाया जा सके, तो मरने वाले कुल लोगों में से लगभग चालीस फीसद तक लोगों को मरने से बचाया जा सकता है। सड़क पर वाहन चलाने से संबंधित नियम-कायदों का सख्ती से पालन न केवल दूसरे बहुत सारे लोगों के सफर को सुरक्षित बना सकता है, बल्कि गाड़ी चलाने वाला अपने जिंदा रहने को लेकर भी निश्चिंत रह सकता है। विडंबना यह है कि आजकल महंगी गाड़ियों को सड़कों पर तेज रफ्तार में चलाना एक फैशन मान लिया गया है। सीट बेल्ट नहीं पहनने या यहां तक कि शराब पीकर वाहन चलाने को शान की तरह देखा जाता है। दुपहिया वाहनों पर भी कई लोग हेलमेट अपनी सुरक्षा के मद्देनजर नहीं, बल्कि बोझ की तरह लगाते हैं। जबकि इसी तरह की साधारण लापरवाही अपनी या दूसरों की मामूली चूक के समय किसी के लिए जानलेवा साबित होती है।

# बुजुर्ग आबादी की बढ़ती मुश्किलें

**देश में बुजुर्गों की स्थिति को लेकर समय-समय पर सर्वे और अध्ययन होते रहे हैं। इनसे यही सामने आया है कि देश में करीब साठ फीसद बुजुर्गों को लगता है कि समाज में उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। हालांकि केवल दस फीसद ही इस बात को स्वीकार करते हैं कि वे भी दुर्व्यवहार के शिकार हैं। इसका कारण संभवतः परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा से जुड़ा होता है। उन्हें लगता है कि लोग उनके परिवार के बारे में क्या सोचेंगे। पिछले दिनों एक सर्वे में सामने आया कि छत्तीस फीसद बुजुर्ग अपने रिश्तेदारों, पैंतीस फीसद बच्चों और इक्कीस फीसद बहू से परेशान हैं। वहीं सत्तावन फीसद अनादर, अड़तीस फीसद मौखिक दुर्व्यवहार, तेंतीस फीसद उपेक्षा, चौबीस फीसद आर्थिक शोषण और तेरह फीसद बुजुर्गों ने शारीरिक शोषण झेलने की बात कही। इन आंकड़ों का विश्लेषण करने से यह स्पष्ट होता है कि ऐसी घटनाओं के लिए बहुत हद तक परिवारों की संस्कृति जिम्मेदार है।**

आज जिस तरह से समाज में सामूहिकता की भावना समाप्त होती जा रही है, उससे परिवार की अवधारणा ही खत्म होने लगी है। ऐसे ही हालात रहे तो वह समय दूर नहीं जब परिवार संस्था ही समाप्ति के कगार पर खड़ी होगी। सवाल है कि परिवार, समाज या सामाजिक संगठन के विघटन को कैसे रोका जा सकता है? इस हकीकत से इनकार नहीं किया जा सकता कि प्रत्येक परिवार की नींव उसकी बुजुर्ग पीढ़ी ही होती है। विशेष रूप से भारतीय समाज में तो यह माना जाता रहा है कि जिस घर में बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद होता है, वहां हमेशा समृद्धि का वास होता है। पर क्या आज भी लोग ऐसा ही सोचते या मानते हैं? संभवतः नहीं। सच्चाई तो यह है कि बयासी फीसद बुजुर्ग अपने परिवार के साथ रहते तो हैं, लेकिन उनमें से अधिकांश अपने बेटे-बहुओं से खुद को पीड़ित महसूस करते हैं। ऐसी घटनाएं आए दिन देखने-सुनने को मिलती भी रहती हैं। घर वालों के दुर्व्यवहार के कारण तीन चौथाई से ज्यादा बुजुर्ग परिवार में रहने के बावजूद अकेलेपन का शिकार हैं। प्रारंभ से ही भारत में माता-पिता अपनी सारी जमा पूंजी अपने बच्चों के पालन-पोषण और भविष्य बनाने में लगा देते हैं, इस उम्मीद के साथ कि बुढ़ापे में बच्चे उनका सहारा बनेंगे। लेकिन जब बच्चे कमाने लगते हैं तो वे अपने माता-पिता को छोड़ कर अपने देश, राज्य या शहर से बाहर जाकर अपनी दुनिया बसा लेते हैं। दरअसल, आज की पीढ़ी के लिए परिवार का मतलब पति-पत्नी और उनके बच्चे हैं। उन्हें अपने माता-पिता या भाई-बहनों से कोई सरोकार नहीं होता। या फिर मासिक खर्चा भेज कर अपने कर्तव्य को पूरा हुआ मान लेते हैं। जाहिर है, आज के डिजिटल युग में भावनाओं का महत्त्व समाप्त हो चुका है।

समाज की इस गंभीर समस्या के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए समय-समय पर फिल्में और धारावाहिक बनते रहे हैं। फिल्म बागबान सभी को याद होगी कि किस तरह इस फिल्म में बच्चे अपने माता-पिता को कुछ-कुछ समय के लिए बारी-बारी से अ पने पास रखने को तैयार होते हैं, ताकि किसी एक पर उनका भार न पड़े। वे उनके साथ न केवल दुर्व्यवहार करते, बल्कि उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को फिजूलखर्ची समझ कर उनकी उपेक्षा करते। लेकिन विरोधाभास यह है कि यही पीढ़ी जब इन धारावाहिकों या फिल्मों को देखती है तो उनकी आंखें नम हो जाती हैं, लेकिन सिनेमाहाल से बाहर आने के बाद वह भी वैसा ही व्यवहार करने में पीछे नहीं रहते। फिल्म क्या संदेश दे रही है, यह भूल जाते हैं। सोशल मीडिया पर ऐसे तमाम संदेश देखने को मिल जाते हैं जिनसे पता चलता है कि आज की पीढ़ी बुजुर्गों के साथ रिश्तों को लेकर कितनी कदर करती है। वृद्धावस्था उम्र का ऐसा पड़ाव होता है जब इंसान का मन और शरीर दोनों शिथिल होने लगते हैं। ऐसे में उन्हें सबसे ज्यादा जरूरत अपनों के सहारे की होती है, विशेष रूप से भावनात्मक सहारे की। ऐसे में बुजुर्गों में तनाव, निराशा और अकेलापन जैसे लक्षण उभरना सामान्य बात है। अनेक शोधों में यह सामने आया कि अकेलेपन के कारण बुजुर्गों में याददाश्त की समस्या उत्पन्न हो जाती है। चिकित्सकों के अनुसार इस समस्या से ग्रस्त मरीज शारीरिक रूप से नहीं, बल्कि



मानसिक रूप से ज्यादा कमजोर हो जाता है। यहां तक कि दैनिक कार्यों को पूरा करने के लिए भी उसे दूसरों की मदद लेनी पड़ती है। यह कम बड़ी त्रासद स्थिति नहीं है कि जब बुजुर्गों को परिवार और बच्चों की सबसे ज्यादा जरूरत होती है तब वे उनके पास नहीं होते। अनेक घटनाएं सुनने और देखने में आती हैं कि घर में बुजुर्ग व्यक्ति या दंपति मृत मिले अथवा घरेलू नौकर ने लूट की नीयत से उनकी हत्या कर दी.. आदि-आदि। बहुत से बुजुर्ग ऐसे भी हैं जिनके आगे-पीछे कोई नहीं है। ऐसे में ये बुजुर्ग घर में अकेले रहने के दौरान या अकेले बाहर निकलते वक्त अपराधियों के लिए आसान निशाना होते हैं। बुजुर्गों के साथ तेजी से बढ़ रही अपराध की घटनाएं इसी ओर संकेत करती हैं। आज के उपभोक्तावादी समाज में रिश्ते, भावनाएं, प्रतिबद्धता और त्याग जैसे भाव अब अर्थहीन हो चुके हैं। इनके स्थान पर भौतिकतावादी वस्तुएं जैसे गेजेट, ब्रांडेड सामान, सोशल मीडिया पर दिखावा युवा पीढ़ी पर इतना हावी हो गया है कि परिवार की बुजुर्ग पीढ़ी उनके लिए एक तरह से निरर्थक हो चली है। आज के डिजिटल समाज में अधिकांश काम आनलाइन होने लगे हैं। लेकिन यह भी सच है कि आज भी अधिकांश बुजुर्ग डिजिटल तकनीक या विभिन्न आनलाइन सुविधाओं का उपभोग आसानी से नहीं कर पाते हैं।

सर्वे के अनुसार इकहत्तर फीसद बुजुर्गों के पास स्मार्टफोन नहीं है और जो लोग स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं, वे भी इसके लाभों से पूरी तरह परिचित नहीं हैं। एक सर्वे से पता चला है कि उनचास फीसद बुजुर्ग मोबाइल या स्मार्टफोन का उपयोग मुख्य रूप से काल करने, तीस फीसद सोशल मीडिया और सत्रह फीसद बैंकिंग लेनदेन के लिए करते हैं। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि समाज में पीढ़ी अंतराल तो सदियों से चला आ रहा है। दो पीढ़ियों की सोच और व्यवहार में अंतर सामान्य बात है, लेकिन एक पीढ़ी द्वारा दूसरी पीढ़ी को हाशिए पर खड़ा कर देना, उन्हें अर्थहीन मानना या खुद पर बोझ मानना समाज के समक्ष अनेक तरह के जोखिम उत्पन्न कर रहा है। चालीस फीसद बुजुर्गों ने यह स्वीकार किया कि वे स्वयं को आर्थिक रूप से सुरक्षित महसूस नहीं करते। परंपरागत परिवारों में माता-पिता हमेशा से ही अपनी सारी बचत और जमा पूंजी अपने बच्चों पर खर्च करते आए हैं। उन्होंने कभी यह सोचा ही नहीं होगा कि बच्चे उनके साथ उपेक्षित व्यवहार करेंगे। इसलिए परिवार के इस आधुनिक चरित्र को बदलने की आवश्यकता है।

## प्रदेश समाचार

# ज्योतिषीय ज्ञान प्रामाणिक और सहज रूप में आम जन तक पहुंचाया जाए : राज्यपाल

जयपुर।

राज्यपाल कलराज मिश्र ने ज्योतिषीय ज्ञान को प्रामाणिक और सहज रूप में आम जन तक पहुंचाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि ज्योतिष भारत की अनमोल धरोहर है, इसमें समाहित ज्ञान का आधुनिक वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य में वृहद स्तर पर विकास होना चाहिए। राज्यपाल मिश्र शनिवार को मानसरोवर स्थित दीपशिखा कॉलेज में यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एवं पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान की ओर से ज्योतिष विद्या पर आयोजित प्रथम इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ज्योतिष ज्ञान से जुड़े अध्ययन को प्रोत्साहित करने के साथ ही इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए भी कार्य किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि ज्योतिष का ज्ञान वैदिक परंपराओं का मूल है। पृथ्वी, आकाश एवं नक्षत्रमण्डल के ग्रहों की गतियों तथा उनसे होने वाले प्रभाव की चर्चा ज्योतिष शास्त्र में जिस सूक्ष्मता से मिलती है, वह अन्यत्र कहीं नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि विद्वानों को ज्योतिष ज्ञान को प्राचीन वेद विज्ञान और खगोलीय ज्ञान से जोड़कर पूर्ण प्रमाण के आधार पर प्रसारित करना होगा। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि ज्योतिषीय ज्ञान भारतीय लोक जीवन में भी गहराई तक व्याप्त है। खेती और वर्षा के संबंध में भारतीय काल गणना पर आधारित भविष्यवाणियां आज भी सटीक मानी जाती है। उन्होंने इसी अनुरूप ज्योतिष ज्ञान को आमजन के लिए सुगम करने की आवश्यकता बताई। राज्यपाल ने आयोजन को भारतीय ज्योतिष और वास्तु विज्ञान से जुड़े ज्ञान पर आधुनिक परिप्रेक्ष्य में विचार-विमर्श की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया।









## आज का राशिफल

### मेष
आज आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे। किसी व्यक्ति का कठोर व्यवहार आपकी भावनाओं को ठेस पहुंचा सकता है। तन-मन में अस्वस्थता और भय का अनुभव होगा। मां की तबीयत खराब होने से आपको चिंता रह सकती है।

### वृषभ
शारीरिक तथा मानसिक रूप से अच्छा अनुभव करेंगे। आनंद का अनुभव होगा। रिश्तेदारों तथा पारिवारिक काम में आपको लाभ होगा। मित्रों के साथ घूमने जाएंगे। वित्तीय मामलों में ध्यान देना पड़ सकता है।

### मिथुन
सभी काम में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। भाग्यवृद्धि होने की संभावना है। दोस्तों से मदद ले सकेंगे। प्रियजन की निकटता और सामाजिक जीवन में मान-सम्मान प्राप्त कर सकेंगे। व्यापार में वृद्धि होगी।

### कर्क
आपके निर्धारित काम पूरे होने में विलंब होगा। वित्तीय योजनाएं अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। मित्रों और प्रियजनों से मिलकर खुशी अनुभव करेंगे। व्यापार के लिए समय अनुकूल है।

### सिंह
आज आप बहुत इमोशनल रहने वाले हैं। मित्रों, परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के साथ किसी गहरी चर्चा में उतर सकते हैं। शुभ प्रसंग में उपस्थित हो सकेंगे। परिवार में आनंद और उत्साह का माहौल होगा।

### कन्या
मन में अस्थिरता और भावना की दुर्बलता के कारण आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। गलत वाद-विवाद या चर्चाओं में न पड़ें। कानूनी मामलों में सावधानी रखें। वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखें।

### तुला
आज आप अनेक तरह के लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आपके व्यापार और आय में वृद्धि होगी। नौकरी में भी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मित्रों के साथ रमणीय स्थल पर घूमने जाने की संभावना है। मित्रों से लाभ होने की संभावना है।

### वृश्चिक
आपके परिवार में खुशी और उत्साह का वातावरण रहेगा। नौकरी और ऑफिस में पदोन्नति होने तथा आय में वृद्धि होने की संभावना बनी रहेगी। माता से आर्थिक लाभ होगा। आप घर की सजावट का काम शुरू करेंगे।

### धनु
आज आप नकारात्मक विचारों में रह सकते हैं। भय का अनुभव होगा, थकान लगेगी, स्फूर्ति का अभाव महसूस होगा। नौकरी या व्यवसाय में कठिनाई हो सकती है। अधिकारी के साथ वाद-विवाद ना करें।

### मकर
आप वाणी पर नियंत्रण नहीं रखेंगे, तो किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है। आज मन किसी चिंता में रहेगा। गलत और नियम विरुद्ध काम करने पर आप फंस सकते हैं।

### कुंभ
दैनिक कामों के अलावा आप अपना आज का समय मनोरंजन तथा मिलने जुलने में व्यतीत करेंगे। स्वादिष्ट भोजन प्राप्त होगा और दोस्तों के साथ घूमने जाएंगे। मित्रों के साथ अच्छा समय गुजरेगा। धन लाभ के प्रबल योग हैं।

### मीन
आप जो काम करेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ अनुभव करेंगे। नौकरी में सहकर्मियों का सहयोग मिलता रहेगा। ननिहाल पक्ष की ओर से लाभ हो सकता है।

# झुझंडा में करंट लगने से विवाहिता की मौत

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मूंडवा के निकट झुझंडा गांव में एक विवाहिता की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार झुझंडा निवासी संगीता पत्नी संजय खाती उम्र 32 वर्ष, खातियों के बास में रहती थी। शनिवार दोपहर 12 बजे जो अपने बाड़े में किसी काम से जा रही थी, जहां खुले तारो को छू लिया, जिसके कारण संगीता को करंट आ गया। इसके कारण संगीता गंभीर रूप से घायल हो गई। परिवार व आसपास के लोगो ने तुरंत मूंडवा सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टरों ने संगीता को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार संगीता का पति संजय महाराष्ट्र पुणे में काम करता है। जो हाल ही में अपने गांव झुझण्डा आया हुआ हैं। संगीता के 12 वर्ष की लड़की लक्षिता, 7 वर्ष की लड़की अक्षिता व एक लड़का अंकुर है। संगीता का पीहर पालड़ी जोधा है। वहीं पोस्टमार्टम के पश्चात बोडी मृतका के परिजनों को सुपुर्द कर दी गई।

## भादीपीठ में 5 जुलाई से शुरू होंगे 14 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम

श्यामसुन्दर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी कस्बे के आस्था का केंद्र भादीपीठ मंदिर में 14 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भादीपीठाधीश्वर महंत रेवतीरमण दास महाराज के पावन सानिध्य आयोजित किया जा रहा है। भादीपीठ परिकर अंबिकाशरण दाधीच ने बताया कि 5 जुलाई से 18 जुलाई तक गुरु पूर्णिमा व निकुंजगामी मंहत रसिक कृष्ण मूर्ति सुखराम दास महाराज का 58 वां धाम गमनोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। इस धार्मिक कार्यक्रम का आगाज 5 जुलाई को भादीबिहारी युगल सरकार के अभिषेक के साथ होगा। इस दिन ध्वजारोहण व भागवत कथा के लिए कलश यात्रा का आयोजन भी होगा। भागवत कथा का वाचन प्रधुम्न मुनि उदासीन महाराज जयपुर की संगीतमय सुमधुर वाणी से 5 जुलाई से 13 जुलाई तक किया जायेगा। 12 जुलाई को रात्रि में भादीपीठाधीश्वर महंत रेवतीरमण दास महाराज व अन्य कलाकारों द्वारा संगीत सम्मेलन का आयोजन होगा। 13 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें मंदिर परिसर में पुष्प बंगला दर्शन, भागवत कथा का समापन, समाधि पूजन, गुरु चरण वंदना सहित आदि कार्यक्रम आयोजित होगे। 13 जुलाई से 18 जुलाई तक वृंदावन की प्रसिद्ध भुनेश्वर वशिष्ठ की रासमंडली के द्वारा प्रात: काल रासलीला व रात्री में भक्तमाला की लीलाओ का मंचन किया जायेगा। 17 जुलाई को रात्री में मंदिर परिसर में संगीत सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। 18 जुलाई को पुष्प बंगला दर्शन, समाधि पूजन, विशाल भंडारा का आयोजन होगा। 14 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम को लेकर शिष्य परिकर व सति सेवक विभिन्न तैयारियो में जुटे है।

## टैगोर कॉलेज को एमडीएसयू का परीक्षा केंद्र बनाया

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** टैगोर कॉलेज निम्बीजोधां को एमडीएसयू का सेंटर बनाया गया है, जिससे क्षेत्र के छात्रों को परीक्षा देने के लिए 45 किलोमीटर दूर डीडवाना का लंबा सफर तय नहीं करना पड़ेगा। संस्थान के निदेशक गुलाब सिंह शेखावत ने बताया कि टैगोर कॉलेज निंबीजोधा को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय अजमेर द्वारा सत्र 2022 से परीक्षा केंद्र बना दिया गया है। टैगोर कॉलेज के प्राचार्य बाबूलाल कंडावरिया ने बताया कि दूर-दराज के गांव से आने वाले विद्यार्थी परीक्षा देने के लिए अन्यत्र जाना पड़ता था जिससे उनका धन एंव समय खर्च हो जाता इसके अलावा बहुत परेशानियां होती थी लेकिन अब टैगोर कॉलेज में ही परीक्षा सेंटर हो जाने से उन्हें कई परेशानियों से राहत मिल जाएगी। खुशी के इस अवसर पर निदेशक गुलाब सिंह शेखावत, प्राचार्य बाबूलाल कंडावरिया, प्रधानाचार्य गोपाल सिंह सिंधु, सूर्य प्रकाश सिखवाल सभी ने अभिभावकों व बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित लोगों को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी।

## मानसून की पहली बारिश ने भिगोया

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** शनिवार को इस मानसून की पहली जोरदार बारिश हुई। सुबह से दोपहर तक झड़ी लगी रही। पूरा शहर पानी-पानी हो गया। वहीं पिछले काफी दिनों से मौसम के तापमान का ग्राफ लगातार बढ़ रहा था। ऐसे में जनजीवन काफी अस्तव्यस्त था। मूसलाधार बारिश से आमजन ने चैन की सांस ली। मौसम के तापमान में भी काफी गिरावट आई। जिससे तपती धूप व उमस भरी गर्मी से राहत मिली। बारिश का मौसम लोगों के लिए काफी सुहावना होता है। लाडमोहम्मद खोखर ने बताया कि किसानों के लिए भी ये मौसम काफी लाभकारी रहता है। खेतों में पानी बरसने से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। वहीं इलाके में गर्मी से राहत मिलने से लोग भी खुश है। मुण्डवा में सुबह से तेज बरसात हुई। वहीं मुण्डवा और इसके आसपास के इलाकों में करीब दस बजे के बाद से कभी तेज तो कभी मध्यम वर्षा हुई। रुक-रुक कर हुई बरसात से मौसम खुशनुमा हो गया। मुण्डवा में करीब दस बजे से तीन बजे तक कभी तेज तो कभी मध्यम बरसात हुई। वाहन चालकों और लोगों को खूब परेशानी का सामना करना पड़ा ।




तेजमल पांडेय का किया गया स्वागत सत्कार

# अखिल भारतीय सिखवाल ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष पद उम्मीदवार है पाण्डेय

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के पुराने जीएसएस के पास स्थित बालाजी टावर में शनिवार देर शाम अखिल भारतीय सिखवाल ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष पद हेतु स्वागत सभा का आयोजन हुआ। इस दौरान सर्व सहमति से अखिल भारतीय सिखवाल ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष पद उम्मीदवार तेजमल पांडेय का स्वागत किया गया। इस दौरान मूंडवा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष कंदोई व समाजसेवी श्याम सुंदर कंदोई द्वारा अध्यक्ष तेजमल पांडेय का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान जगदीश माणमिया, भंवर लाल पुरोहित भारलियास, रामपाल पांड्या, पूर्व अध्यक्ष मदन लाल पुरोहित, सांवरलाल व्यास, सिखवाल ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष संपत कंदोई, आसाराम कंदोई नारायण कंदोई अशोक कंदोई गोपाल कंदोई रामकिशोर कंदोई, प्रकाश कंदोई, देवराज कंदोई परमानंद बोहरा, दीपक, विशाल कंदोई, अंकित, इकबाल नवयुवक मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष मनोज कंदोई, लखन कंदोई, शुभम कंदोई, अरविंद कंदोई, श्री गोपाल कंदोई सहित समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नाबालिग दलित युवती के साथ दुष्कर्म

### नामजद आरोपी हुआ फरार, पुलिस कर रही है तलाश

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना के ग्राम चोसली में एक नाबालिग दलित युवती के साथ जबरन बलात्कार करने का मामला डेगाना पुलिस थाने दर्ज हुआ है। इसमें पीड़िता माता की ओर से दर्ज कराये मामले मे बताया कि गत शुक्रवार 1 जुलाई को उसी के गांव के रहने वाला आरोपी दुलाराम पुत्र गणेशाराम जाति मेघवाल उम्र 24 साल निवासी चोसली ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ चाकू की नोक पर रात्रि को जबरन घर से उठाकर पड़ोस के एक सूने मकान में ले गया, जहां उसकी 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ खोटा काम किया। रिपोर्ट में बताया कि गत रात्रि को अचानक उसे अपनी बेटी के चिल्लाने की आवाज आई जिस पर उसने उठकर चारों ओर देखा तो पड़ोस के सूने घर से उसकी बेटी के चिल्लाने की आवाज आ रही थी। जब घर पर देखा की आरोपी दुलाराम मेघवाल ने उसकी बेटी के मुंह मे कपडा ठूंस कर गलत काम कर रहा था। मुझे देखते ही आरोपी मौके से भाग छूटा। एचसी हरजी राम सामटिया ने बताया कि पुलिस ने आरोपी दुलाराम के खिलाफ धारा 376 मे पोक्सों एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी तथा पीड़िता का मेडिकल मुआयना करवाया गया।

## निम्बिजोधा में कटानी रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत



अबू बकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** लाडनूँ तहसील की उप तहसील निम्बीजोधा में गेनाना मार्ग पर स्थित खसरा नम्बर 1076 व 1685 में कटानी रास्ते पर अतिक्रमण कर निर्माण कार्य करवाने की शिकायत सामने आई है। निम्बी जोधां निवासी भीकुलाल खिलेरी, मुकेश कुमार, सतीश व मंजूर अली, विनोद आदि ने लाडनूँ तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपकर बताया कि निम्बी में गेनाना मार्ग पर कुछ लोगो द्वारा कटानी रास्ते को हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। यहां वर्षों पुराने कटानी पर अतिक्रमण कर अवैध तरीके से निर्माण कार्य चल रहा है, जिसे ग्रामीणों ने रुकवाने एवं कार्रवाई करवाने की मांग की है।

## लायंस क्लब कुचामनसिटी ने किए विभिन्न सेवा कार्य



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लायंस क्लब कुचामनसिटी ने लॉयन वादी सत्र 2022-23 के प्रथम दिन प्रांतपाल लायन दिलीपजी तोषनीवाल के निर्देशानुसार विभिन्न सेवा कार्य संपन्न किए। क्लब अध्यक्ष लायन सीए मुकेश डालुका ने बताया कि नए सत्र की शाम लॉयंस क्लब सदस्यों ने कुचामन विकास समिति द्वारा संचालित अपना घर में निवासित प्रभूजनों के लिए भोजन व मिठाई भेंट की। क्लब सचिव लायन मनोज अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर लॉयन मुकेश डालुका, लायन श्याम सुंदर सैनी, लॉयन नंद किशोर अग्रवाल, लायन मनोहर पारीक, लायन नवदीप खोखरिया, एवं अपना घर के व्यवस्थापक रंगनाथ काबरा आदि उपस्थित थे।

## नरेन्द्र जाखड होंगे डेगाना के नये थानाधिकारी सुभाष पूनिया का हुआ तबादला

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** पुलिस अधिक्षक नागौर द्वारा कई थानों के थानाधिकारियों को बदला गया है। इसमें डेगाना सीआई रहे सुभाष पूनिया का भी परबतसर तबादला किया गया है। पूनिया की जगह पर नरेन्द्र जाखड़ को डेगाना में थानाधिकारी के पद पर लगाया है। जाखड़ ने शनिवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया।

# सांप्रदायिकता फैलाने वालों को बिल्कुल नहीं बख्शा जाएगा-हीरालाल

### पुलिस चौकी में सीएलजी सदस्यों की बैठक में शांति व्यवस्था कायम रखने की गई अपील

जुगल किशोर



**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** उदयपुर में हुए कन्हैया हत्याकांड को लेकर पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर है। पुलिस कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करने में जुटी है। कस्बे की पुलिस चौकी में सीएलजी सदस्यों की बैठक में शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की गई। एसएचओ हीरालाल ने शांति व्यवस्था को कायम रखने की अपील की और अशांति फैलाने वाले लोगों पर कड़ी नजर रखने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि हर छोटी बड़ी घटना पर वैसे तो पुलिस की पैनी नजर है लेकिन इसके बावजूद भी सीएलजी सदस्य अपने आसपास घट रही हर घटना पर जिम्मेदारी से निगरानी रखें। गाँवो में अमन और शांति का स्थापित है, जिसे कायम रखना आप और हम सब की जिम्मेदारी है। शांति व्यवस्था को कायम रखने के लिए सभी सीएलजी सदस्य अपनी जिम्मेदारी निभाएं और घटना की जानकारी तत्काल प्रभाव से पुलिस को दें। सूचना पर तत्काल प्रभाव से पुलिस कार्रवाई करेगी। आमजन में संवाद या सोशल मीडिया के माध्यम से अराजकता और सांप्रदायिकता फैलाने वाले लोगों को बिल्कुल नहीं बख्शा जाएगा। इस दौरान बड़ी में प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# कन्हैयालाल की हत्या के आरोपियों को मिले फांसी की सजा

### भेरुन्दा में उदयपुर प्रकरण को लेकर आक्रोशित लोगों ने निकाली रैली

जुगल किशोर



**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** उदयपुर में 28 जून को कन्हैयालाल की हत्या के विरोध में लोगों में काफी आक्रोश नजर आ रहा है। स्थानीय होलीदड़ा से उप तहसील कार्यालय तक सर्व समाज के सैकड़ों लोगों ने रैली निकाली। इस अवसर पर प्रधान जसवंत सिंह थाटा ने कहा कि मेवाड़ की धरा को कलंकित करने वालो को फांसी की सजा होनी चाहिए।

कन्हैयालाल की नृशंस हत्या करने वालो को जल्द से जल्द कठोरतम सजा देकर ऐसा उदाहरण पेश किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी मानसिकता वाले लोगों के हृदय में कानून का डर व्याप्त हो। और भविष्य में ऐसे किसी घटनाक्रम पुनरावृत्ति ना हो। ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए उपखंड अधिकारी गौरीशंकर शर्मा को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान गोल सरपंच रघुवीर सिंह, निंबोला सरपंच रविंद्र सिंह, हेमेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह , मलाराम माठ, राजू सिंह गुढ़ा जोधा सहित बड़ी संख्या में आक्रोशित ग्रामीण मौजूद रहे।

# वर्ल्ड योग कप में उमा ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

### देश विदेश के सैकड़ों युवाओं ने लिया था भाग

मोहम्मद शहजाद




**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** यूनिवर्सल योग एलाइंस इंडिया के तत्वावधान में युनिवर्सल योगा स्पोर्ट फेडरेशन द्वारा गाजियाबाद में आयोजित वर्ल्ड योगा कप चैम्पियनशिप -2022 में नागौर जिले के मकराना उपखण्ड के बोरावड़ नगर पालिका की रहने वाली उमा चौधरी पुत्री प्रेमचन्द गीतादेवी बुल्डक ने छठा स्थान प्राप्त कर अपने परिवार के साथ पूरे नागौर जिले का गौरव बढाया है। इस प्रतियोगिता में मलेशिया, यूके, यूएसए, नेपाल तथा एजिप्त सहित भारत के बंगाल, तमिलनाडू, हरियाणा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, केरल, उड़ीसा, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, दिल्ली सहित अन्य राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस सफलता पर उमा को मेरिट सर्टिफिकेट व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस सफलता पर उमा के परिजनों के साथ ही परिचितों सहित अन्य सामाजिक व स्वयंसेवी संगठनों ने हर्ष प्रकट करते हुए उमा को बधाई दी है।

फुटबॉल में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे खेलप्रेमी मकराना विधायक रूपाराम मुरावतिया ने इस सफलता पर उमा को आशीर्वाद देकर आने वाले चैंपियनशिप की तैयारी को लेकर उत्साहवर्धन करने के साथ आगे खेल में सहयोग की बात कही। उमा की इस सफलता पर पतंजलि योग पीठ-हरिद्वार, राजस्थान योग फेडरेशन के अध्यक्ष हर्षवर्धन, महावीर इन्टरनेशनल के संभाग संयोजक रायचन्द बोथरा, हनुमान सिंह बुल्डक, अतिरिक्त बीडीओ मकराना, उगमाराम डूडी, डॉ. सुरेन्द्र डूडी, योग प्रशिक्षक सुरेश दीक्षित सहित अनेक गणमान्य लोगों ने उमा को बधाई दी।

## नवनिर्मित गौशाला में भामाशाह ने दिया एक लाख रूपये का अनुदान

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मूंडवा के निकट सोलियाना गांव में नवनिर्मित गौशाला के निर्माण के लिए भामाशाह ने एक लाख रूपये अनुदान दिया।

जानकारी के अनुसार सोलियाणा में पिछले कई दिनों से गौशाला का कार्य प्रगति पर हे गौशाला में अभी गायों के लिए एक बड़े हॉल का निर्माण हो रहा है उसी में सहयोग करते हुए सोलियाणा निवासी नरपतसिंह भूतपूर्व थानेदार पुत्र विशनसिंह खींची व उनकी पत्नी सागरकंवर पुत्र दौलतसिंह ने गौशाला में एक लाख रूपये अनुदान किए। इस परिवार ने पहले भी कई बार अनुदान दिया है। इस दौरान कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# परबतसर के बाजार आज रहेंगे बंद

जुगल किशोर शर्मा



**परबतसर( नागौर डेली न्यूज़ ) :** अन्तरराष्ट्रीय विश्व हिन्दू परिषद के आह्वान पर सभी व्यापारियों के सहयोग से रविवार को पूर्णतया आज बाजार बंद रहेगा। व्यापार मण्डल की नृसिंह भगवान मन्दिर में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया। साथ ही बंद के दौरान बस स्टेशन पर सुबह 11 बजे से 12 बजे तक हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष रोहित जैन, अंतराष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी अध्यक्ष प्रेम प्रसाद बोहरा, मेडिकल एशोसिएशन अध्यक्ष कमल माहेश्वरी, अजय सिंह शेखावत, इकबाल छिपा, अणदाराम चोयल, मूलचंद भार्गव, श्रवणराम गिवारिया, पवन पारीक, मनोज मोदी, मनोज राठी, रामनिवास बड़ारडा, महेश सैनी, शिवप्रसाद सोनी, हेंमत गौड़, रामेश्वरलाल जाट, श्रीराम सैनी, राजकुमार शर्मा, रामस्वरूप मोदी, चौथमल सोनी, महेश सेनी, सुरेन्द्र पारीक, सुनील कल्ला, राधेश्याम मांधनीया, ओमप्रकाश छिपा, रामचंद्र सोनी आदि मौजूद रहे।

# हनुमान चालीसा का पाठ कर, दो मिनट का मौन रख कन्हैयालाल को दी श्रद्धांजलि



मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड के बाद एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सरपंच संघ नागौर के जिलाध्यक्ष प्रकाश भाकर के नेतृत्व में पंचायत समिति परिसर में आयोजित हुई। इस दौरान सभी ने हनुमान चालीसा का पाठ करने के पश्चात दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कन्हैया के हत्यारों को फांसी दो के नारे बुलन्द रहें। सरपंच संघ जिलाध्यक्ष भाकर ने कहा कि सर्वसमाज के आव्हान पर मकराना पूर्णतया बंद रहा है। ये आपसी भाईचारे की मिसाल है।

# उदयपुर हत्याकांड को लेकर सर्व धर्म के आह्वान पर मकराना शहर व बोरावड कस्बा रहा बंद

## सौहार्द व एकता का परिचय देते हुए सभी प्रतिष्ठान रहे बंद





मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** गत माह 28 जून को उदयपुर में हुए कन्हैयालाल के हत्याकांड को लेकर शनिवार को सर्व समाज व सर्व धर्म के आह्वान पर मकराना शहर व बोरावड कस्बा स्वैच्छा से बंद रहा। इस दौरान सभी मार्बल माइन्स, बाईपास रोड़ मार्बल गोदाम, शहर के बाजार, व्यापारिक प्रतिष्ठान सहित कारखाने बंद रहे। शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद रहा और पुलिस के वाहन दिन भर शहर भर में गश्त करते हुए दिखाई दिए। मकराना विधायक रूपाराम मुरावतिया, कांग्रेस जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन गैसावत, कार्यवाहक सभापति अब्दुल सलाम भाटी, अंजुमन सदर नवाब अली, ठाकुर मोहन सिंह चौहान, मकराना विकास समिति अध्यक्ष नितेश कुमार जैन, समाजसेवी सजाउद्दीन गैसावत सहित अन्य ने उदयपुर घटना के विरोध में मकराना के लोगों द्वारा सांप्रदायिक एकता और सौहार्द कायम रखते हुए सामुहिक बंद की सराहना की। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी जेपी बैरवा, तहसीलदार दिनेश कुमार शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक रविराज सिंह, थानाधिकारी प्रमोद कुमार शर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने गश्त करते हुए अफवाहे नहीं फैलाने की अपील की।

# शिक्षकों का छह दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान उद्देश्य को लेकर शिक्षकों का छह दिवसीय प्रशिक्षण का शनिवार को राजकीय सोनी देवी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कुचामनसिटी में सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्राथमिक कक्षाओं के लिए बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को मुख्य लक्ष्य के रूप में लिया गया है। इस विषय पर अध्यापकों की समझ एवं क्रियाशीलता को विकसित करने के लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के समापन समारोह में सीबीईओ जगदीश राय ने प्रशिक्षण में सीखी गई कुशलताओं एवं व्यावहारिक ज्ञान को छात्रों के लिए उपयोगी बनाने का प्रयास किया जाना है। उन्होंने मनोवैज्ञानिक रूप से शिक्षण करवाने, अपनी क्षमताओं को जागृत कर छात्रों के हित के लिए सही समय पर उपयोग करने एवं आनंददायी प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में सीखे गए ज्ञान को बच्चों तक पहुंचाने का उत्तरदायित्व शिक्षकों का है।

ब्लॉक संदर्भ व्यक्ति लक्ष्मण शर्मा ने बच्चों को सहज वातावरण में आधारभूत दक्षताओं का रुचि पूर्ण शिक्षण करवाने के लिए शिक्षकों को तैयारी करने एवं छात्रों को केंद्र मानकर प्रभावी अधिगम हेतु अनुकूल शिक्षण वातावरण तैयार करने का आग्रह किया। आपसी सहयोग से विभिन्न नवाचारों एवं आधुनिक शिक्षण सिद्धांतों के आयामों की जानकारी प्राप्त करते हुए स्वयं को अपडेट रखना चाहिए। दो बैच में संचालित हो रहे इस प्रशिक्षण में कुल 99 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। मुख्य संदर्भ व्यक्ति सत्य प्रकाश शर्मा, गजानंद कुमावत, कमल कुमार जांगिड़ एवं सीताराम जाट ने प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण संबंधी व्यवस्थाओं में भवानी सिंह चारण, पप्पू लाल जांगिड़, शिवराज मंडा, ईश्वर लाल आदि अध्यापकों ने सहयोग किया।

# आपसी मेलजोल से बढ़ाएं सामाजिक समरसता - महंत गोपालदास

## गुलाबपुरा में नवनिर्मित हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे के निकटवर्ती लेगा की ढाणी बस स्टैंड पर नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा एवं मूर्ति स्थापना की गई। इस दौरान मंदिर परिसर में आयोजित विविध धार्मिक कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। नवनिर्मित मंदिर परिसर में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम के तहत मुख्य मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हनुमानजी की विधिवत मूर्ति स्थापना की गई। इसके बाद आयोजित विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले मंदिर में तेजास्थली से कलशयात्रा, हवन आदि कार्यक्रम हुआ, जिसमें भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

समारोह में बागोट गौशाला के महंत गोपालदास त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान सदैव हमें सामाजिक समरसता, भाईचारा, जीवदया आदि का संदेश देते रहे है। हमें भी इनसे प्रेरणा लेकर केवल माता-पिता, गुरु एवं जीव की सेवा करना चाहिए। बल्कि समाज में आपसी मेलजोल को बढ़ावा देते हुए सामाजिक समरसता को बनाए रखने में भी आगे रहना चाहिए। पूर्व आबकारी उपायुक्त दयालपुरी गोस्वामी एवं एडवोकेट सुखराम बेनीवाल ने मंदिर निर्माण में योगदान देने वाले ग्रामीणों एवं भामाशाहों का आभार जताया। इस अवसर पर प्रधान जसवंत सिंह थाटा, केशाराम लेगा, मोहनराम ग्वाला, शिवप्रकाश ओझा, रमेशपुरी गोस्वामी, रामवतार शर्मा, भंवरलाल भाम्भू, रामेश्वरलाल शर्मा, संजय दिवाकर, मुकेश लेगा, पं राजेंद्र शर्मा, रामचंद्र लेगा, शिवराज कुमावत, विजय चौधरी, नरसी लेगा, परमाराम, हरजीराम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# साम्प्रदायिक सद्भावना वृक्षारोपण की थीम पर विद्यालय में किया वृक्षारोपण



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** नागौर जिला कलक्टर पीयूष सामरिया के निर्देश पर सम्पूर्ण जिले में साम्प्रदायिक सद्भावना वृक्षारोपण की थीम पर वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत शनिवार को ग्राम पंचायत खारिया के राजस्व गाँव रामनगर में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खम्भा स्टैण्ड के परिसर में शनिवार को वृक्षारोपण किया गया।

इस अवसर पर संस्था प्रधान पूर्णाराम गुर्जर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जिला कलक्टर नागौर के निर्देश पर हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम का अभियान बहुत सराहनीय था सभी लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर और भी ज्यादा जागरूक होने की आवश्यकता है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में आनन्द राम व्याख्याता, बिरदाराम चौधरी वरिष्ठ अध्यापक, मोहम्मद शकील, कौशल्या शर्मा, अंशुल कुल्हार, सुमित्रा आदि अध्यापक व अध्यापिका सहित विद्यालय के विद्यार्थीयों ने भाग लिया।

# नि:शुल्क नेत्र जाँच व लेन्स प्रत्यारोपण शिविर आज

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** महावीर इन्टरनेशनल के 48वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह के तहत तृतीय दिन महावीर इन्टरनेशनल कुचामनसिटी व देव श्री समिति के संयुक्त तत्वावधान में गुणमालादेवी कमलककुमार पान्ड्या परिवार के सौजन्य से नि:शुल्क विशाल मोतीयाबिन्द जाँच व लेन्स प्रत्यारोपण चिकित्सा शिविर हीरा आई केयर हॉस्पिटल, कुचामनसिटी व जिला अन्धता निवारण समिति, नागौर के सान्धिय में 3 जुलाई 2022 रविवार को रखा गया है। अध्यक्ष कैलाशचन्द पान्ड्या ने बताया कि शिविर में पधारे हुए सभी मरीजों का मोतीयाबिन्द जाँच एवं आधुनिक तकनीक से बिना टांके का आप्रेशन हीरा आई केयर हॉस्पिटल, कुचामनसिटी, नागौर जिला अन्धता निवारण द्वारा नि:शुल्क किया जायेगा। मरीज को अपने साथ आधार कार्ड /बी.पी.एल कार्ड की फोटो कॉपी साथ में लेकर आनी होगी। जोन कोषाध्यक्ष सुभाष पहाड़िया, देव श्री सेवा समिति के विकास शर्मा के अनुसार सर्जरी के लिए चयनित व्यक्ति की सर्जरी हीरा आई केयर हॉस्पिटल, कुचामन सिटी में की जायेगी, जो लोग हृदय रोग से, अस्थमा से बी.पी व मधुमेह जैसी बीमारियों से ग्रसित है तो वे रोगी अपने द्वारा ली जाने वाली दवाईयाँ व डॉक्टर के ईलाज की पर्ची साथ में लाना आवश्यक है।

# पैदल चल रहे राहगीर को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

## हादसे में व्यक्ति की हुई दर्दनाक मौत

हुकमाराम ताडा



**खींवसर( नागौर डेली न्यूज़ ) :** नागौर जिले के खींवसर पुलिस थाना इलाके में नागौर- जोधपुर नेशनल हाईवे संख्या 62 पर स्थित प्रेम नगर सड़क मार्ग पर शुक्रवार रात में सड़क के किनारे पैदल चल रहे एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में व्यक्ति की दर्दनाक मौत हुई। मौके पर लोगों ने व्यक्ति को खींवसर के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर अरुण शर्मा ने मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद खींवसर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में किया।

हादसे में मृतक प्रेम नगर निवासी गणपत राम मेघवाल की मौत हुई। हादसा शुक्रवार रात 11:00 बजे हुआ था। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में किया और मोर्चरी में रखवाया। शनिवार को परिजनों की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मृतक के शव का मेडिकल पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सुपुर्द किया। परिजन की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी। अस्पताल परिसर में काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए।

# विषम परिस्थितियों में देश की रक्षा करते है सैनिक-जाजड़ा

## तेजास्थली में सैनिक का सम्मान समारोह आयोजित

जुगल किशोर



**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** शनिवार को कस्बे के अजमेर रोड स्थित तेजास्थली में जम्मू कश्मीर से पहुँचे 18 आर्म्ड फॉर्स के सेवानिवृत्त जवान मांगीलाल जाजड़ा का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समाजसेवी शिवराज जाजड़ा एवं पूर्व मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र रामावत की अगुवाई में सर्व समाज के लोगों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष के साथ स्वागत किया। उनके पैतृक गाँव मेहरासी तक जगह-जगह जाजड़ा का स्वागत किया गया। इस दौरान पूरे इलाके में देशभक्ति के तराने गुंजते रहे। सेवानिवृत्त सैनिक को जिप्सी वाहन में बैठाकर डीजे की धुन के साथ उनके निवास तक पहुंचाया गया। इस अवसर पर समाजसेवी शिवराज जाजड़ा ने कहा कि सैनिक सुरक्षा कवच बनकर हमारे देश की सेवा करते है। यह देश के दुश्मनों से हमारी रक्षा करते हैं। इसलिए हमें अपने भारतीय सेना पर गर्व और अभिमान हैं। जब भारतीय सेना वर्दी में हथियारों को लिए कदम से कदम मिलाकर एक साथ सीमा की ओर चलती है तो यह हमारे भारत की ताकत को दर्शाती हैं। सेना में ट्रेनिंग के दौरान भारतीय सैनिक इतना मबूत हो जाता है कि वह किसी भी प्रकार की विपरीत परिस्थिति में देश की सेवा से पीछे नहीं हटता है।

पूर्व मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र रामावत ने कहा कि अग्निवीर के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा युवाओं को भारत माता की सेवा करने का मौका मिलेगा। सैनिक में हमेशा से ही देशसेवा के लिए समर्पित रहे हैं और मरते दम तक रहेंगे। हर सैनिक के मन में सेवानिवृत्त होने के बाद भी उसके राष्ट्रभक्ति कभी कम नहीं होती है।

**ये रहे मौजूद**-इस अवसर पर जगदीश कागट, रालोपा नेता रामनिवास कुराड़ा, ओमप्रकाश खलबदानियाँ, रिछपाल ज्याणी,मंगाराम थारोल, मुकेश गोदारा, शिवजीराम लोछब, किशनाराम, भंवरलाल कागट, रामनारायण गौड़, शिवजी जाजड़ा, बाबूलाल गौड़, हरजीराम जाजड़ा, खेमाराम लोछब, आशाराम गोदारा, डूंगाराम कुमावत, प्रेम जाजड़ा, लालाराम जाजड़ा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नेत्र चिकित्सा शिविर में 92 रोगी हुए लाभांवित



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** लाडनूँ तहसील के जसवंतगढ़ में नेकी फाऊंडेशन एंव सर्वसमाज के संयुक्त तत्वावधान में विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जयपुर शंकरा आई हॉस्पिटल की टीम ने भाग लिया। इस दौरान क्षेत्र के 300 नेत्र रोगियों की नि:शुल्क जांच एंव परामर्श लाभ दिया गया। शिविर में 92 रोगियों का सर्जरी ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। इस दौरान नेकी फाउंडेशन के अध्यक्ष जाकिर खान, कार्यकर्ता हाकम अली खान, इस्माईल लखारा, मुश्ताक खान, लियाकत अली खान, ओमशंकर गर्वा, महावीर बिहानी, रामेश्वरलाल, हेमराज, रामचन्द्र तोषनीवाल, शंकर हरिजन, ओमप्रकाश, रमेश वैद्य आदि सहित सर्व समाज के लोगों ने शिविर में सहयोग किया।

# खेतों में तालाब व फॉर्म पॉन्ड की ओर किसानों का बढ़ रहा है रूझान

## इन दिनों गिरते भूजल स्तर से जूझ रहे तथा डीजल की रेट लगातार बढ़ने से खेती में लागत बढ़ गई है ऐसे में सरकार का फार्म पॉन्ड योजना किसानों के लिए काफी प्रभावी साबित हो सकती है



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कृषि क्षेत्र में समय-समय पर बदलाव होते रहते हैं। पुराने दौर की बात करें तो किसानों को खेती करने में कड़ी मेहनत और अधिक समय लगाना पड़ता था। उस वक्त कृषि संसाधनों की कमी थी, जिसमें किसानों को बहुत मुश्किल होती थी लेकिन आधुनिक समय में ऐसा नहीं है आज कृषि क्षेत्र में इतना विकास हो गया है कि किसान आराम से खेती कर सकते हैं लेकिन फिर भी उनको उनकी फसलों का लागत के हिसाब से सही भाव नहीं मिलता है।

किसानों को खेत के लिए पानी की आवश्यकता होती है बिना पानी के खेती की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। साल दर साल बारिश की कमी के कारण कई राज्यों में भारी जल संकट पैदा हो गया है। खेती के लिए पानी की उपलब्धता बनी रहे इसके लिए सरकार की ओर से किसानों के लिए किसान फार्म तालाब योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत किसान अपने खेत में तालाब तथा फार्म पॉन्ड का निर्माण करने के लिए सरकार से मदद प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के तहत किसान अपने-अपने खेत में वर्षा जल एकत्र करने के लिए खेत में कच्चा और प्लास्टिक लाइन फार्म पॉन्ड व तालाब का निर्माण कर सकते हैं ताकि जरूरत पड़ने पर उस पनी को खेती के काम में इस्तेमाल कर सकें इस योजना के तहत सरकार द्वारा अनुदान राशि देना भी तय किया गया है।

भगतसिंह यूथ ब्रिगेड प्रदेशअध्यक्ष परसाराम बुगालिया ने खेतों में दौरा किया तो जानकारी में आया कि इन दिनों खेतों में किसानों का रुझान फार्म पॉन्ड की ओर बढ़ रहा है और फार्म पॉन्ड किसानों को खेत की सिंचाई के काम में मददगार साबित हो रहा है प्रदेशअध्यक्ष परसाराम बुगालिया ने किसानों से जानकारी चाही तो किसानों ने जानकारी में बताया कि किसान इन दिनों गिरते भूजल स्तर से जूझ रहे हैं डीजल के रेट लगातार बढ़ने से खेती में भी लागत बढ़ गई है ऐसे में सरकार द्वारा चलाई जा रही फार्म पॉन्ड योजना किसानों के लिए काफी प्रभावी साबित हो सकती है इसके माध्यम से बारिश का पानी इकट्ठा करने से एक तो खेती में किसानों की लागत कम आएगी और उत्पादन भी पहले के मुकाबले बढ़ जाएगा लेकिन किसानों को इस बात की परेशानी है कि इस आधुनिक समय में खेती के कामों में विकास तो हुआ है लेकिन उनको उनकी फसलों का लागत के हिसाब से भाव नहीं मिल पा रहा है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com